बरेली, मंगलवार
30 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 34+4=38

# दैनिक जागरण

PAGE NO : IV MIDDLE



अंडर 14 क्रिकेट कप में खेलते खिलाड़ी ● सौ. आयोजक

## एसआरएमएस ब्लू ने पार्कर क्रिकेट अकादमी को 37 रन से हराया

**बरेली :** मोहनपुर टिरिया रोड स्थित मैदान पर मनीष अंडर- 14 क्रिकेट कप में खेले गए मुकाबले में एसआरएमएस ब्लू ने आलराउंड प्रदर्शन करते हुए पार्कर क्रिकेट अकादमी को 37 रन से हराकर जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस ब्लू ने निर्धारित 30 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए। जवाब में पार्कर क्रिकेट अकादमी की टीम 27.5 ओवर में 145 रन पर सिमट गई। अंशुमान कश्यप ने 18 गेंदों पर उपयोगी 16 रन बनाए और इसके बाद गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह ओवर में एक मेडन सहित केवल 14 रन देकर चार विकेट झटके। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया। वि.